राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की स्व. श्री अटल को श्रद्धांजलि

जयपुर, 25 दिसम्बर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि भारत रत्न स्वर्गीय श्री वाजपेई जी प्रखर राजनेता और ओजस्वी वक्ता थे। वे कमाल के कलमकार थे। उनकी कविताएं महज पंक्तियां ही नहीं हैं बल्कि मानव जीवन का नजरिया हैं।

शहादत को सलाम

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए भरतपुर के जवान शौरभ कटारा की शहादत को सलाम किया है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

आकाशवाणी केन्द्र जयपुर को राज्यपाल की बधाई

जयपुर, 25 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिले 44 वें वार्षिक आकाशवाणी पुरस्कार के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल